भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-*270
बुधवार, 17 जुलाई, 2019/26 आषाढ़, 1941 (शक)

गुजरात में उच्च बेरोजगारी दर

*270. श्री सैयद नासिर हुसैनः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दो वर्षों के दौरान बेरोजगारी दर की राज्य-वार प्रवृत्ति के अनुसार गुजरात में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है, यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या बेरोजगारी संबंधी आँकड़े अन्य देशों में तिमाही आधार पर प्रस्तुत किए जाते हैं जब कि भारत में ये आँकड़े पाँच वर्षों में केवल एक बार ही प्रस्तुत किए जाते हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

गुजरात में उच्च बेरोजगारी दर के बारे में श्री सैयद नासिर हुसैन द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *270 के भाग (क) से (ग) के लिए दिनांक 17.07.2019 को दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुबंध में दिया गया है।

बेरोजगारी दर		
सर्वेक्षण#	गुजरात	अखिल भारत
2017-18 (पीएलएफएस)	**4.8%**	**6.0%**
2015-16 (श्रम ब्यूरो)	**0.6%**	**3.7%**

(टिप्पणीः #पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है)

(ख एवं ग): देश में रोजगार एवं बेरोजगारी की स्थिति का पता लगाने के लिए, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा पंचवार्षिक श्रम बल सर्वेक्षण आयोजित किए गए थे। ये सर्वेक्षण वर्ष **1972-73, 1977-78, 1983, 1987-88, 1993-94, 1999-00, 2004-05, 2009-10** एवं **2011-12** के दौरान आयोजित किए गए थे। श्रम ब्यूरो भी वार्षिक रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण आयोजित करता है, जो वर्ष **2009-10, 2011-12, 2012-13, 2013-14, 2015-16** एवं **2016-17** के दौरान आयोजित किए गए थे। बारंबार अंतरालों पर श्रम बल सांख्यिकी की उपलब्धता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने **2017-18** के दौरान आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) शुरू किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में विभिन्न श्रम बल संकेतकों के वार्षिक अनुमान का सृजन करने के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में श्रम बाजार के विभिन्न सांख्यिकी संकेतकों के तिमाही परिवर्तनों को मापना है।

*****

<u>अनुबंध</u>

राज्य सभा के दिनांक 17.07.2019 के तारांकित प्रश्न संख्या *270 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे

(% में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	2015-16 (श्रम ब्यूरो का सर्वेक्षण)@	2017-18 एनएसएस (पीएलएफएस) @
1.	आंध्र प्रदेश	3.5	4.5
2.	अरुणाचल प्रदेश	3.9	5.8
3.	असम	4.0	7.9
4.	बिहार	4.4	7.0
5.	छत्तीसगढ़	1.2	3.3
6.	दिल्ली	3.1	9.4
7.	गोवा	9.0	13.9
8.	**गुजरात**	**0.6**	**4.8**
9.	हरियाणा	3.3	8.4
10.	हिमाचल प्रदेश	10.2	5.5
11.	जम्मू और कश्मीर	6.6	5.4
12.	झारखंड	2.2	7.5
13.	कर्नाटक	1.4	4.8
14.	केरल	10.6	11.4
15.	मध्य प्रदेश	3.0	4.3
16.	महाराष्ट्र	1.5	4.8
17.	मणिपुर	3.4	11.5
18.	मेघालय	4.0	1.6
19.	मिजोरम	1.5	10.1
20.	नागालैंड	5.6	21.4
21.	ओडिशा	3.8	7.1
22.	पंजाब	5.8	7.7
23.	राजस्थान	2.5	5.0
24.	सिक्किम	8.9	3.5
25.	तमिलनाडु	3.8	7.5
26.	तेलंगाना	2.7	7.6
27.	त्रिपुरा	10.0	6.8
28.	उत्तराखंड	6.1	7.6
29.	उत्तर प्रदेश	5.8	6.2
30.	पश्चिम बंगाल	3.6	4.6
31.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप	12.0	15.8
32.	चंडीगढ़	3.4	9.0
33.	दादर और नगर	2.7	0.4
34.	दमन और दीव	0.3	3.1
35.	लक्षद्वीप	4.3	21.3
36.	पुडुचेरी	4.8	10.3
	अखिल भारत	3.7	6.0

स्रोत: आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय; श्रम ब्यूरो के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण

(टिप्पणी: @पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)